पाठ–8

# विलोम शब्द

| भाग–'क' | भाग–'ख' |
|---|---|
| (*i*) वह आज **प्रसन्न** दिखाई दे रहा था। | वह आज **अप्रसन्न** दिखाई दे रहा था। |
| (*ii*) वह **आलसी** व्यक्ति है। | वह **परिश्रमी** व्यक्ति है। |

उपर्युक्त वाक्यों में **प्रसन्न–अप्रसन्न, आलसी–परिश्रमी** रेखांकित शब्द एक दूसरे से विपरीत अर्थ दे रहे हैं। **अत: परस्पर विपरीत अर्थ देने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।**

विलोम शब्द कई प्रकार से बनते हैं। कुछ विलोम शब्द उपसर्ग लगाकर बनाए जाते हैं। जैसे– अर्थ से अनर्थ, ईश्वर से अनीश्वर, क्रय से विक्रय आदि । इसके अतिरिक्त कुछ विलोम शब्द उपसर्ग बदलने से भी बनते हैं। जैसे– आयात से निर्यात, उत्कृष्ट से निकृष्ट, उन्नति से अवनति आदि। किन्तु कुछ विलोम शब्द मूल रूप में ही प्रयुक्त होते हैं। जैसे–खिलना से मुरझाना, अमृत से विष, अधिक से कम आदि। विलोम शब्दों के उदाहरण निम्नलिखित हैं :–

**1. उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द**

(*i*) **'अ' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द**

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| ज्ञान | अज्ञान | धर्म | अधर्म |
| तृप्त | अतृप्त | शांति | अशांति |
| न्याय | अन्याय | सभ्य | असभ्य |
| पूर्ण | अपूर्ण | साधारण | असाधारण |
| प्रसन्न | अप्रसन्न | स्वस्थ | अस्वस्थ |

(*ii*) **'अन्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द**

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आदर | अनादर | उचित | अनुचित |
| आगत | अनागत | उदार | अनुदार |
| इच्छा | अनिच्छा | एक | अनेक |
| इष्ट | अनिष्ट | औपचारिक | अनौपचारिक |

Scanned with CamScanner

(*iii*) 'अप' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| शकुन | अपशकुन | कीर्ति | अपकीर्ति |
| शब्द | अपशब्द | यश | अपयश |
| उपकार | अपकार | मान | अपमान |

(*iv*) 'अव' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आरोह | अवरोह | उत्तल | अवतल |
| उन्नति | अवनति | गुण | अवगुण |

(*v*) 'कु' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| सुकर्म | कुकर्म | सुपात्र | कुपात्र |
| सुमार्ग | कुमार्ग | सुपुत्र | कुपुत्र |
| सुविचार | कुविचार | विख्यात | कुख्यात |
| सुमति | कुमति | सुपूत | कुपूत |

(*vi*) 'दु:/दुर्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| सज्जन | दुर्जन | सद्भावना | दुर्भावना |
| सद्गति | दुर्गति | सुगन्ध | दुर्गन्ध |
| सदाचार | दुराचार | सौभाग्य | दुर्भाग्य |

(*vii*) 'ना' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| कबूल | नाकबूल | पाक | नापाक |
| काबिल | नाकाबिल | बालिग | नाबालिग |
| कामयाब | नाकामयाब | मंजूर | नामंजूर |
| खुश | नाखुश | मुमकिन | नामुमकिन |
| पसन्द | नापसन्द | वाकिफ़ | नावाकिफ़ |

Scanned with CamScanner

(*viii*) 'निः/निर्' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आशा | निराशा | सदोष | निर्दोष |
| आश्रित | निराश्रित | सबल | निर्बल |
| आधार | निराधार | साकार | निराकार |
| मोही | निर्मोही | साक्षर | निरक्षर |

(*ix*) 'पर' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| स्वकीय | परकीय | स्वतंत्र | परतंत्र |
| स्वाधीन | पराधीन | स्वार्थ | परमार्थ |

(*x*) 'प्रति' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अनुकूल | प्रतिकूल | घात | प्रतिघात |
| वाद | प्रतिवाद | क्रिया | प्रतिक्रिया |

(*xi*) 'वि' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अनुरक्ति | विरक्ति | संयोग | वियोग |
| आकर्षण | विकर्षण | संश्लेषण | विश्लेषण |
| संपन्न | विपन्न | संपदा | विपदा |
| क्रय | विक्रय | सधवा | विधवा |
| स्वदेश | विदेश | संकल्प | विकल्प |

(*xii*) 'बे' उपसर्ग के योग से बने विलोम शब्द

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| इज्ज़त | बेइज्ज़त | गुनहगार | बेगुनाह |
| ईमानदार | बेईमान | चैन | बेचैन |
| कसूरवार | बेकसूर | खौफ | बेखौफ |

Scanned with CamScanner

कुछ विलोम शब्द मूल रूप में ही प्रयुक्त होते हैं। जैसे-

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अंत | आरम्भ | छुटकारा | बंधन |
| अंतिम | आरम्भिक | जड़ | चेतन |
| अमृत | विष | ज़िंदाबाद | मुर्दाबाद |
| अल्प | अधिक | जीवन | मरण |
| अस्त | उदय | झगड़ा | समझौता |
| अनिवार्य | वैकल्पिक | ठोस | तरल |
| इंसान | हैवान | तीक्ष्ण | मंद |
| इनकार | इकरार | त्याज्य | स्वीकार्य |
| निंदा | प्रशंसा | द्वेष | राग |
| उगलना | निगलना | दिवस | रात्रि |
| उजड़ा | बसा | निंदनीय | प्रशंसनीय |
| उजला | मैला | निकास | प्रवेश |
| उग्र | शांत | निठल्ला | कमाऊ |
| ऊसर | उपजाऊ | नौकर | मालिक |
| ओझल | समक्ष | पालक | संहारक |
| कंजूस | दानी | प्रश्न | उत्तर |
| कटना | जुड़ना | पाप | पुण्य |
| कमाना | खर्चना | फुटकर | थोक |
| करीब | दूर | बिक्री | खरीद |
| कीमती | सस्ता | बनना | बिगड़ना |
| कृतज्ञ | कृतघ्न | भोला | चालाक |
| कोमल | कठोर | महँगा | सस्ता |
| खरा | खोटा | मित्र | शत्रु |
| गुप्त | प्रकट | यशस्वी | कलंकित |

Scanned with CamScanner

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| घृणा | प्रेम | रक्षक | भक्षक |
| चंचल | स्थिर | विधि | निषेध |
| चमकीला | धुँधला | शोक | हर्ष |
| छाँह | धूप | हानि | लाभ |

**विशेष :** कई बार विषय तथा संदर्भता के कारण कुछ शब्दों के एक से अधिक विलोम शब्द होते हैं जैसे –

1. **काला** आदमी जा रहा है। — **गोरा** आदमी जा रहा है।
   **काला** वस्त्र उठा लो। — **सफेद** वस्त्र उठा लो।
   **काला** कुत्ता भौंक रहा है। — **सफेद** कुत्ता भौंक रहा है।

   अर्थात मानवों के लिए काला और गोरा तथा मानवेतर प्राणियों और जड़ वस्तुओं के लिए काला और सफेद शब्दों का प्रयोग होता है।

2. तुम्हारा क्या **उत्तर** है ? — तुम्हारा क्या **प्रश्न** है ?
   वह **उत्तर** दिशा में खड़ा था। — वह **दक्षिण** दिशा में खड़ा था।

## अभ्यास

**निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**




प्रस्तुतकर्ता:
विनोद कुमार
डी.एम.हिंदी
लुधियाना





संयोजक
राजन
डी.एम.हिंदी
अमृतसर


| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| अनुज | अग्रज | आयात | निर्यात |
| कृतज्ञ | कृतघ्न | उधार | नकद |
| एकता | अनेकता | निर्माण | विनाश |
| प्रत्यक्ष | परोक्ष | मानव | दानव |
| वीर | कायर | हार | जीत |
| दुरुपयोग | सदुपयोग | प्रकाशित | अप्रकाशित |
| सार्थक | निरर्थक | आशाजनक | निराशाजनक |
| निश्चित | अनिश्चित | नायक | खलनायक |
| करुण | अकरुण | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| कुमार्ग | सन्मार्ग | खेद | प्रसन्नता |

*******

Scanned with CamScanner